Reg. No. : ....................................

Name : ..........................................

**FY-05**

**FIRST YEAR HIGHER SECONDARY EXAMINATION, JUNE 2022**

Part – II

**HINDI**

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool-off time : 15 Minutes

*सामान्य निर्देश :*

- प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

**सूचना : 1 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें ।** **(6 × 1 = 6)**

1. ‘अपराध’ किस विधा की रचना है ?

   (कहानी, निबंध, नाटक)

2. किसका स्वप्न जल के बुलबुले के समान है ?

   (धरती का, आदमी का, सूरज का)

3. ‘आनंद की फुलझड़ियाँ’ निबंध किसका है ?

   (अनंत गोपाल शेवड़े, यशपाल, पवन करण)

4. ‘हेमा’ किस कहानी की पात्र है ?

(अनुताप, अपराध, दुख)

5. ‘अनुताप’ लघुकथा का यात्री किस गाड़ी में यात्रा कर रहा है ?

(रेलगाड़ी, रिक्शा, बस)

6. ‘बिस्कुट कुतरते चुप हो रहा है’ । कौन ?

(रोता हुआ बच्चा, थका हुआ युवक, रिटायर्ड बूढ़ा)

**सूचना : 7 से 10 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें ।** **(2 × 2 = 4)**

7. डॉक्टर ने असलम को रिक्शा चलाने से मना कर रखा था । क्यों ?

8. ‘पत्थर की बेंच

जिसपर अंकित हैं आँसू, थकान,

विश्राम और प्रेम की स्मृतियाँ’ –

पत्थर की बेंच पर क्या-क्या अंकित हैं ?

9. लेखक ने कहा “ब्यूटीफुल” । यह सुनकर बैंक का क्लर्क प्रसन्न हुआ । क्यों ?

10. ‘तुम्हें कहना नहीं आता’

यहाँ ‘तुम्हें’ किन-किन का प्रतिनिधित्व करते हैं ?

**सूचना : 11 से 15 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें ।** **(3 × 4 = 12)**

11. दोहा पढ़ें और आशय लिखें ।

साई इतना दीजिए, जामें कुटुंब समाय ।

मैं भी भूखा न रहूँ, साधु न भूखा जाय ।।

12. जीवन–वृत्त पढ़ें और यशपाल के बारे में एक अनुच्छेद लिखें ।

| जीवन–वृत्त | |
|---|---|
| नाम | : यशपाल |
| जन्म | : 3 दिसम्बर, 1903 |
| जन्मस्थान | : फिरोज़पुर छावनी (पंजाब) |
| प्रमुख रचनाएँ | : झूठा–सच, देशद्रोही, सिंहावलोकन |
| पुरस्कार | : पद्‌मभूषण |
| मृत्यु | : 26 दिसम्बर, 1976 |

13. कवितांश पढ़ें और भावार्थ लिखें ।

इस पत्थर की बैंच के लिए भी
शुरू हो सकता है किसी दिन
हत्याओं का सिलसिला
इसे उखाड़ कर ले जाया
अथवा तोड़ा भी जा सकता है ।

14. ‘मैं इन्हें इस उम्मीद से फेंक रही हूँ कि इनमें से कुछ भी अगर जड़ पकड़ लेंगे तो लोगों का इससे कुछ फायदा होगा ।’ संभ्रांत महिला क्यों ऐसा कह रही है ?

15. ये कथन पढ़ें और इब्राहिम अली के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

- किसी को हमें रोकने का कोई हक नहीं है ।
- लोगों की मनोवृत्ति में आया वह परिवर्तन ही हमारी असली विजय है ।

16. सही मिलान करें । **(8 × 1 = 8)**

| | | |
|---|---|---|
| Format | – | रद्द करें |
| Chats | – | प्रक्रिया |
| Output | – | प्रारूप |
| Process | – | अंतर्जाल |
| Search | – | बातचीत |
| Internet | – | बहिर्पात |
| Cancel | – | ईक्षण |
| Editing | – | खोज |

**सूचना : गद्यांश पढ़ें प्रश्न 17 और 18 के उत्तर लिखें ।**

मेरे भाई बचपन से अपाहिज थे । उनके एक पैर को पोलियो हो गया था । लेकिन वे बहुत सुंदर थे, देवताओं की तरह । वे आसपास के कई गाँवों में सबसे अच्छे तैराक थे और उनको हाथ के पंजों की लड़ाई में कोई नहीं हरा सकता था । घूँसे से नारियल और ईंटें तोड़ देते थे, जबकि मैं दुबला-पतला था, कमज़ोर और चिड़चिड़ा । मुझे अपने भाई से ईर्ष्या होती थी क्योंकि उनके बहुत सारे दोस्त थे ।

17. मुझे अपने भाई से ईर्ष्या होती थी । क्यों ? **(2)**

18. खंड का संक्षेपण करें । **(6)**

**सूचना : कवितांश पढ़ें और 19 से 21 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

अरे आ गई है भूली-सी
    यह मधुऋतु दो दिन को,
छोटी-सी कुटिया मैं रच दूँ,
    नई व्यथा साथिन को !
वसुधा नीचे ऊपर नभ हो
    नीड़ अलग सबसे हो
झाड़खंड के चिर पतझड़ में
    भागो सूखे तिनको !

19. 'धरती' का समानार्थी शब्द कौन-सा है ? **(1)**

(कुटिया, वसुधा, नीड़)

20. झाड़खंड के चिर पतझड़ में किनको भाग जाना है ? **(1)**

21. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें । **(6)**

**सूचना : 22 से 26 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें । (3 × 6 = 18)**

22. असलम की मृत्यु की खबर सुनकर यात्री का मन संघर्ष से भरा था । उसके बारे में वह अपनी पत्नी से बातचीत करता है । वह बातचीत तैयार करें ।

- असलम की मृत्यु की खबर
- असलम के प्रति अपना व्यवहार
- पश्चात्ताप से उत्पन्न अनुताप

23. दिलीप अपनी सहेली के साथ सिनेमा देखने गया । हेमा रूठकर माँ के घर चली गई । दिलीप उस दिन की डायरी में इसका जिक्र करता है । वह डायरी लिखें ।

- विश्वास का अभाव
- हेमा की असंतुष्टि
- आत्म–संघर्ष

24. आज भी वह रकम अमेरिका में ज़रूरतमंदों के हाथों में घूम रही है – इस घटना का जिक्र करते हुए एक छात्र अपने मित्र को पत्र लिखता है । वह पत्र लिखें ।

- गरीब विद्यार्थी का मदद माँगना
- बेंजमीन फ्रैंकलीन का उपदेश
- ज़रूरतमंदों के हाथों में रुपये का मूल्य

25. मान लें, आपके स्कूल में 20 नवंबर को सौहृदा दिवस समारोह होने वाला है । इस अवसर पर जीवन कौशल (Life Skills) संबंधी लघु चित्र (Short Film) का प्रदर्शन होगा । इसके लिए उचित पोस्टर तैयार करें ।

26. अंग्रेजी संवाद का हिंदी में अनुवाद करें :

Sachin : Good Morning Rahul

Rahul : Good Morning, Are you coming to school by bus ?

Sachin : No, I am coming by Car.

Rahul : Ok, where is your friends ?

Sachin : They are playing in the ground.

Rahul : Ok, Sachin, bye

**सूचना : 27 से 30 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें।** **(2 × 8 = 16)**

27. किसी एक मनपसंद फिल्म की समीक्षा लिखें।

- फिल्म का कथासार
- निदेशक की भूमिका
- पटकथा, संवाद, अभिनय आदि
- अपना दृष्टिकोण

28. केरल में बालश्रम की रोकथाम के लिए सरकार द्वारा की गयी कार्रवाइयों की सूचना पाने के लिए आलोक, आलोक निवास, पालक्काड की ओर से सार्वजनिक सूचना अधिकारी, रोज़गार विभाग, केरल सरकार के नाम एक सूचना अधिकार पत्र तैयार करें।

29. 'बढ़ती बीमारियाँ' विषय पर एक लेख तैयार करें।

- जीवन शैली में आया परिवर्तन
- सफाई का अभाव
- विषैले खाद्य पदार्थ
- स्वास्थ्य संबंधी जागरण की कमी

30. मान लें, बाज़ार में नए मॉडल की स्मार्ट टी.वी. आने वाली है। इसके लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार करें।

- नव नूतन टेक्नॉलजी से युक्त
- आकर्षक डिस्प्ले
- विभिन्न आकार में
- कम दाम